समाचार

# सफाई कार्यो में लापरवाही पर महापौर हुई नाराज, स्वच्छता कार्य एजेंसी को शो–काज नोटिस

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कोसाबाड़ी जोन व रविशंकर नगर जोन के विभिन्न वार्डो का किया दौरा )

## (साफ–सफाई, पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था का लिया जायजा, व्यवस्थाओं की दुरूस्तगी के दिए निर्देश)



कोरबा 02 जून 2025 –महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सफाई कार्यो में उदासीनता व लापरवाही पाए जाने पर आज स्वच्छता कार्य एजेंसी व स्वच्छता पर्यवेक्षक पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होने फटकार लगाते हुए साफ–सफाई कार्यो में कसावट लाने एवं निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई में लापरवाही पर संबंधित स्वच्छता कार्य एजेंसी को शो–काज नोटिस जारी करें तथा संतोषजनक जवाब न पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत डॉ.राजेन्द्रप्रसाद नगर फेस–1 व फेस–2, पोडीबहार व पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन के वार्डो एवं आवासीय क्षेत्रों का दौरा कर वहॉ की साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से जुड़े कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कुछ स्थानों पर गदंगी व कचरा पड़ा होने, समय पर सफाई कार्य पूरा न करने तथा नालियों में कचरे का जमाव देखकर महापौर श्रीमती राजपूत ने गहरी नाराजगी जाहिर की, उन्होने संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक व सफाई कार्य के ठेकेदार को फटकार लगाते हुए सफाई कार्यो में कसावट लाकर नियमित रूप से

सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि साफ–सफाई कार्यो में उदासीनता क्षम्य नहीं होगी तथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी, उन्होने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य हों, नियमित रूप से साफ–सफाई की जाए, नालियों में कचरे का जमाव न हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने सफाई कार्यो में लापरवाही पर संबंधित सफाई ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण में कसावट लाएं** – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अधिकारियों से कहा कि डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के कार्य में और अधिक कसावट लाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि नियमित रूप से निर्धारित समय पर शत प्रतिशत घरों से कचरे का संग्रहण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होने कहा कि यदि सभी घरों से कचरे का संग्रहण नियमित रूप से कर लिया जाएगा तो सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालने की गुंजाईश न रहेगी।

**महापौर ने की अपील–शहर की स्वच्छता में दे सहयोग** – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने भ्रमण के दौरान वार्डो के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना तथा निगम की साफ–सफाई व्यवस्था में उनके सहयोग व सुझाव का आग्रह किया। महापौर श्रीमती राजपूत ने अपील करते हुए कहा कि घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें, निगम द्वारा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था बनाई गई, स्वच्छता दीदियॉ आपके घर कचरा लेने के लिए आती हैं, अतः उक्त कचरे को स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही दें। उन्होने अपील की कि कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर न डालें तथा अपने गली, मोहल्ले व कोरबा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें।

**पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था का जायजा** – भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने विभिन्न वार्डो में पेयजल की आपूर्ति व्यवस्था व स्ट्रीट लाईट व्यवस्था का जायजा लिया, वार्ड के नागरिकों से इन व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली, उन्होने अधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से पेयजल की आपूर्ति हों, यह सुनिश्चित कराएं, साथ ही सड़क रोशनी व्यवस्था पर सतर्क नजर रखें एवं जहॉ कहीं भी स्ट्रीट लाईट में खराबी आती है, उसे तत्काल सुधारे ताकि रात्रि के समय सड़कों पर अंधेरा न रहें, उन्होने आवश्यकतानुसार नई स्ट्रीट लाईटें लगाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, कोसाबाड़ी मण्डल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, निगम के जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सहायक अभियंता राहूल मिश्रा, विनोद नेताम, पूर्व पार्षद दीपक यादव, अर्जुन गुप्ता, श्रीधर द्विवेदी, शिव जायसवाल, अनिल वस्त्रकार, अमित अग्रवाल, जग्गा दादा, स्वाति कश्यप, राजकुमार राठौर, रितेश साहू, आदि के साथ काफी संख्या में वार्डो के नागरिकगण उपस्थित थे।